भारत सरकार
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **239** जिसका उत्तर
शुक्रवार, **03 फरवरी**, 2023/14 माघ, 1944 (शक) को दिया जाना है

पत्तनों के विकास हेतु निधि

†239. श्री रघु राम कृष्ण राजू :

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने आंध्र प्रदेश में पत्तनों और पत्तन अवसंरचना के विकास के लिए कोई निधि स्वीकृत की है;

(ख) यदि हां, तो विगत पांच वर्षों के दौरान आबंटित की गई निधि का वर्ष-वार, पत्तन-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) पत्तन व्यवसाय कार्यकलापों में निजी कंपनियों के एकाधिकार को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री
(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) और (ख) : जी, हां। केन्द्र सरकार ने सागरमाला योजना के अंतर्गत आंध्र प्रदेश राज्य में फिश लैंडिंग केन्द्रों सहित पत्तनों और इनकी अवसंरचना के विकास के लिए निधियां स्वीकृत की हैं। इनका विवरण **अनुबंध-1** में दिया गया है।

(ग) : भारत के महापत्तन, महापत्तन प्राधिकरण अधिनियम, 2021 के अंतर्गत विनियमित हैं। तथापि, गैर-महापत्तन और उनके रियायतप्राप्तकर्ता संबंधित राज्य सरकारों के अंतर्गत राज्य समुद्री बोर्डों के द्वारा विनियमित होते हैं। इसके साथ ही, भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग निजी कंपनियों के एकाधिकार को नियंत्रित करने और जांच करने के लिए निष्पक्ष व्यापारिक प्रथाओं को सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर विनियम तैयार करता है।

अनुबंध-1

क्र.सं	परियोजना का नाम	कार्यान्वयन एजेंसी	पत्तन	कुल परियोजना लागत (करोड़ रु. में)	सागरमाला योजना के तहत स्वीकृत धनराशि (करोड़ रु में)
1	कॉन्वेंट जंकशन -विशाखापट्टणम पत्तन को बाइपास करते हुए एच-7 क्षेत्र से पत्तन कनेक्टिविटी सड़क तक ग्रेड सेपरेटर का निर्माण	एनएचएआई	विशाखापट्टणम	46.34	23.17
2	आंध्र प्रदेश राज्य में एसपीएसआर नेल्लोर जिले में जुव्वलदिन्ने में फिशिंग हार्बर का विकास।	मत्स्य पालन विभाग, आंध्र प्रदेश सरकार	जुव्वलदिन्ने	288.00	72.00
3	तटीय जिला कौशल विकास कार्यक्रम - चरण 2 - आंध्र प्रदेश	ग्रामीण विकास मंत्रालय (डीडीयू-जीकेवाई)	विशाखापट्टणम और पूर्वी गोदावरी	5.98	5.98
4	पूर्वी गोदावरी जिले, आंध्र प्रदेश में काकीनाडा एंकरेज पत्तनों के अवसंरचना ढांचे में सुधार	आंध्र प्रदेश समुद्री बोर्ड	काकीनाडा एंकरेज	85.83	42.92
5	भवानी द्वीप - कृष्णा जिले में यात्री जेट्टी का निर्माण	आंध्र प्रदेश पर्यटन विकास निगम	भवानी द्वीप	22.00	10.00
6	एचएच-5 से पत्तन सड़क कनेक्टिविटी को 2 से 4 लेन का करना - चरण 2	एनएचएआई	विशाखापट्टणम	77.00	20.00
7	वीपीटी में तटीय बर्थ का निर्माण	विशाखापट्टणम पत्तन प्राधिकरण	विशाखापट्टणम	43.00	30.00
8	समुद्री और पोत निर्माण में उत्कृष्टता केन्द्र - सीईएमएस - आंध्र प्रदेश - 18। आंध्र प्रदेश में 24 प्रयोगशालाओं में से।	आईआरएस	विशाखापट्टणम	574.00	37.52
9	तटीय जिला कौशल विकास कार्यक्रम - चरण I आंध्र प्रदेश	ग्रामीण विकास मंत्रालय (डीडीयू-जीकेवाई)	पूर्वी गोदावरी और श्रीकाकुलम	0.28	0.28
10	विशाखापट्टणम फिशिंग हार्बर का आधुनिकीकरण	विशाखापट्टणम पत्तन प्राधिकरण	विशाखापट्टणम	151.81	50.00

*****